निगम भिलाई के 5 अधिकारी/कर्मचारियों को दी गई बिदाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 2 अधिकारी एवं 3 कर्मचारियों को ससम्मान बिदाई दी गई। मुख्य कार्यालय सभागार में मंगलवार को निगम प्रशासन की ओर से अधिकारी/कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किये। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान कार्य एवं अनुभव को साझा करते हुए बी.के.वर्मा ने कहा हम सब पूर्व साडा के समय से विभिन्न विभागो में कार्य करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन किए। हम सबको गर्व है अपनी क्षमता के अनुसार कार्य किए। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग में पदस्थ अधीक्षण अभियंता श्री सतीश कुमार वर्मा, जोन क्रमांक–3 से कार्यपालन अभियंता श्री बी.के. वर्मा, हेल्पर/क्लीनर श्री अनिल देशमुख, जोन क्रमांक–2 से पम्प सहायक श्री पूषण लाल देशमुख एवं वाहन चालक श्री झग्गर राम यादव को निगम प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। आयुक्त श्री पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियो एवं कर्मचारियो से कहा कि हमारा पूरा प्रयास है, कि आप लोगो को देय राशि समय पर मिल जाए। हम सब प्रयास कर रहे है। किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी हमसे बेजिझक आकर मिल सकते और अपनी समस्या बता सकते है। अंत में सभी कर्मचारियो को निगम के सभागार में 31 दिसम्बर 2024 को बिदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आने वाले नववर्ष 2025 की शुभकानाएं दी गई। बिदाई कार्यक्रम में उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन के अधिकारीध्कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।